आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.05.2026 / प्रादेशिक समाचार उज्जवल / 11:00बजे

नामांकन वापसी

प्रदेश में 51 शहरी निकायों के 17 मई को होने वाले चुनावों के लिए उम्मीदवार आज दोपहर तीन बजे तक अपने नामांकन पत्र वापिस ले सकते हैं। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को आज ही चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार इक्यावन शहरी निकायों में कुल 1426 नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे जिसमें बत्तीस नामांकन पत्र अस्वीकृत किए गए हैं जबकि 1394 नामांकन पत्र स्वीकृत किए गए हैं। नगर पंचायत और नगर परिषदों में मतों की गिनती 17 मई को मतदान पूरा होने के बाद शुरू होगी जबकि नगर निगम चुनाव के लिए पड़ने वाले वोटों की गिनती 31 मई को की जाएगी।

पंचायत चुनाव

प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 ग्राम पंचायतों में कल 7, 8 और 11 मई को नामांकन भरे जाएंगे। इन चुनावों के लिए 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 14 और 15 मई को उम्मीदवार तीन बजे तक अपने नाम वापिस ले सकेंगे। 15 मई को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। 3 चरणों में होने वाले इन चुनावों के लिए 26, 28 और 30 मई को मतदान होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार कुल 31 हजार 182 पदों के लिए चुनाव होगा। इन चुनावों में 50 लाख 79 हजार 48 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में सीबीआई की जांच रिपोर्ट आने के बावजूद भी प्रदेश सरकार दोषी पुलिस अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। मंडी में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सीबीआई की जांच रिपोर्ट में संलिप्त पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की सिफारिश की गई है, मगर सरकार उन्हें संरक्षण दे रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जिस ईवीएम के दम पर कांग्रेस की सरकार बनी, आज मुख्यमंत्री उसी ईवीएम को बाकी राज्यों में हार का कारण बता रहे हैं।

पांगी चुनाव

चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी में पंचायत प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए किलाड़ में दूसरी रिहर्सल अयोजित की गई। इस अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पांगी के आवासीय आयुक्त अमनदीप सिंह ने बताया कि कुल 19 ग्राम पंचायतों में प्रधान व उपप्रधान, 97 वार्ड सदस्य, 15 पंचायत समिति सदस्य और एक जिला परिषद सदस्य के चुनाव में 15 हजार 7 सौ 91 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

निर्विरोध चुनाव

लाहौल–स्पीति जिला की ताबो पंचायत में ग्राम वासियों ने पंचायत नेतृत्व का चयन सर्वसम्मति से किया है। हमारे लाहौल–स्पीति जिला संवाददाता ने बताया कि ताबो पंचायत का ये कदम न केवल स्थानीय लोकतंत्र को मजबूत करने वाला है, बल्कि अन्य पंचायतों के लिए भी प्रेरणादायक है।

स्पीति के ताबो पंचायत में ग्रामवासियों ने आपसी सहमति और सौहार्द का परिचय देते हुए पंचायत नेतृत्व का चयन सर्वसम्मति से किया है। कुमारी छेरिंग किंजोम को पंचायत प्रधान और थिनले दोरजे को उप–प्रधान चुना गया है। इस निर्णय के बाद पूरे पंचायत क्षेत्र में खुशी का माहौल है। बिना किसी विवाद और चुनावी प्रतिस्पर्धा के हुआ यह चयन ग्रामीणों की एकता, समझदारी और आपसी विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है। ग्रामवासियों ने विश्वास जताया है कि आने वाले समय में पंचायत क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के साथ–साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन के क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। इस सौहार्दपूर्ण और लोकतांत्रिक निर्णय के लिए ग्रामीणों को बधाई दी जा रही है। ताबो पंचायत का यह कदम न केवल स्थानीय लोकतंत्र को मजबूत करता है, बल्कि अन्य पंचायतों के लिए भी एक प्रेरणा बनकर उभरा है।

अनुपम कश्यप

शिमला जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप ने कहा है कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव संबंधी सामग्री का आवंटन नौ और 10 मई को किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में सभी अधिकारियों को सारी तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के भी निर्देश दिए।

रोहतांग मार्ग

कुल्लू जिला के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल रोहतांग दर्रा जाने के उत्सुक सैलानी अब मढ़ी तक जा सकेंगे। जिला प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मढ़ी से आगे रोहतांग दर्रा की ओर किसी भी प्रकार की वाहन आवाजाही अगले आदेशों तक प्रतिबंधित रहेगी।

प्रसिद्ध पर्यटक स्थल रोहतांग दर्रा जाने के उत्सुक सैलानी अब मढ़ी तक जा सकेंगे तथा रोहतांग मार्ग मढ़ी में पर्यटक बर्फ के बीच अठखेलिया कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने इस बारे अधिसूचना जारी कर दी है, हालांकि मढ़ी से आगे रोहतांग दर्रा की ओर किसी भी प्रकार की वाहन आवाजाही अगले आदेशों तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। मढ़ी तक जाने के लिए पर्यटकों को एन जी टी के नियमानुसार आनलाइन

परमिट हासिल करना होगा स एन जी टी के नियमानुसार गुलाबा से आगे मढ़ी व् रोहतांग की ओर एक दिन में सिर्फ 1200 वाहन ही जा सकते है जिनमे 800 पेट्रोल व् 400 डीजल वाले वाहन होंगे स इसके अतिरिक्त, गुलाबा स्थित अस्थायी पुलिस बैरियर के अलावा मढ़ी में एक अतिरिक्त अस्थायी पुलिस बैरियर स्थापित किया जाएगा स वही सड़क मरम्मत एवं टारिंग कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए रोहतांग मार्ग को प्रत्येक मंगलवार को आगामी दो सप्ताह, अर्थात 19 मई 2026 तक, पूर्णतः बंद रखा जाएगा। जिला प्रशासन ने आमजन एवं पर्यटकों से अपील की है कि वे जारी निर्देशों का पालन करें तथा यात्रा की योजना बनाते समय निर्धारित प्रतिबंधों का विशेष ध्यान रखें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।